फ्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

# दीनदयाल अस्पताल में 31 घंटे बाद मिला मरीज का शव, गिरकर मौत की आशंका

अलीगढ़ के दीनदयाल संयुक्त अस्पताल में भर्ती टीबी मरीज राधारमण (33) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मरीज का शव वार्ड के पीछे जमीन पर करीब 31 घंटे बाद मिला, जिससे अस्पताल में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, राधारमण को 1 मई को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। 3 मई तड़के वह वार्ड से अचानक लापता हो गया। सीसीटीवी फुटेज में उसे रात करीब 3:51 बजे वार्ड से बाहर गलियारे में घूमते हुए देखा गया था, जिसके बाद उसका कोई पता नहीं चला।




परिजनों ने काफी तलाश के बाद 4 मई को वार्ड के पीछे उसका शव पाया। शुरुआती जांच में अंदेशा जताया गया कि मरीज टहलते समय या किसी कारण से दूसरी मंजिल से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर गंभीर चोट और पसलियां टूटने की पुष्टि हुई है। पुलिस के अनुसार, मामला फिलहाल हादसा माना जा रहा है, हालांकि सभी पहलुओं की जांच जारी है। परिवार की सहमति के बाद शव का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया।

# अलीगढ़ में मौसम ने ली करवट

## देर रात और सुबह की बारिश से तापमान में गिरावट



अलीगढ़ में भीषण गर्मी के बीच मौसम ने अचानक करवट ले ली। 4 मई की देर रात शुरू हुई बारिश का सिलसिला 5 मई की सुबह तक जारी रहा, जिससे लोगों को तपती गर्मी से राहत मिली। बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया। सुबह से ही शहर में बादल छाए रहे और ठंडी हवाएं चलती रहीं। पिछले कुछ दिनों से तेज धूप और लू जैसे हालात से लोग परेशान थे, लेकिन अचानक बदले मौसम ने राहत पहुंचाई। कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। बारिश के कारण सड़कों पर जगह-जगह पानी भर गया, हालांकि गर्मी से परेशान लोगों के चेहरे पर राहत साफ नजर आई।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले एक-दो दिन तक आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना बनी रह सकती है। फिलहाल मौसम सुहावना होने से लोगों ने राहत की सांस ली है।

# मासूम दिलों को नई जिंदगी दे रहा अलीगढ़

## इसी माह होगा 2000वां ऑपरेशन



अलीगढ़ का जेएन मेडिकल कॉलेज जन्मजात हृदय रोग से जूझ रहे मासूम बच्चों के लिए प्रदेश का बड़ा सहारा बन चुका है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) के तहत संचालित डीईआईसी सेंटर में अब तक 1946 बच्चों के दिल के सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं और इसी महीने 2000वां ऑपरेशन पूरा कर नया रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। वर्ष 2017-18 में शुरू हुई इस सुविधा के तहत सितंबर 2018 से नियमित सर्जरी हो रही है। वर्तमान में यहां हर माह 30 से 40 ऑपरेशन किए जा रहे हैं और डॉक्टरों की टीम रोजाना दो से तीन सर्जरी कर लंबित मामलों को तेजी से निपटा रही है।

प्रदेश के 75 जिलों से चिन्हित बच्चों को यहां भेजा जा रहा है, जहां आधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उनका निशुल्क इलाज किया जाता है। फिलहाल करीब 1500 बच्चों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है, जिनमें गंभीर मरीजों को प्राथमिकता दी जा रही है। सफल सर्जरी के बाद कई बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है और उनके परिजन अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज की इस पहल को जीवनदान मान रहे हैं।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा

## ट्रक से टकराई बस, 25 यात्री घायल



उत्तर प्रदेश के गंगा एक्सप्रेसवे पर सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। संभल जिले के इस्लामनगर क्षेत्र के सिठोली गांव के पास लुधियाना से हरदोई जा रही एक निजी बस सामने चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसा सुबह करीब सवा पांच बजे हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस में सवार करीब 20 से 25 यात्री घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल हैं। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी गई, जिसके बाद प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। सभी घायलों को बहजोई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एक साथ बड़ी संख्या में घायलों के पहुंचने से अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। चिकित्सकों की टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायलों का इलाज शुरू किया। पुलिस ने बस और ट्रक दोनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का संभावित कारण माना जा रहा है, हालांकि अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि दुर्घटना के सही कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा। इस हादसे ने एक बार फिर एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार वाहनों से होने वाले खतरों की ओर ध्यान खींचा है। फिलहाल सभी घायलों का उपचार जारी है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।



# Aaj Ka Rashifal 5 May

मंगलवार, 5 मई को एक साथ कई तरह के शुभ संयोगों का निर्माण होगा। जिससे कई राशि वालों की आय में इजाफा और लाभ के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। धन प्राप्ति के लिए आपके प्रयास सफल होंगे। नौकरीपेशा जातकों एक साथ कई जगहों से नौकरी के लिए अच्छे प्रस्ताव आ सकते हैं। लेकिन वहीं कुछ राशि वालों को सतर्कता बरतनी होगी। प्रेम संबंधों में आपको थोड़ा संभलकर रखना होगा। आइए जानते हैं सभी 12 राशियों के लिए कैसा रहेगा 5 मई का दिन।



### मेष

आज का दिन आपको एक अहम सीख देगा। पैसा कमाना जितना जरूरी है, उसे संभालना उससे भी ज्यादा जरूरी है। खर्च बढ़ने के संकेत हैं, इसलिए दिखावे से दूर रहना ही समझदारी है, वरना आपकी बचत भी हाथ से निकल सकती है। अच्छी बात ये है कि आपकी मेहनत बेकार नहीं जाएगी। काम में सराहना मिलेगी और अधिकारी भी आपके प्रदर्शन से खुश नजर आएंगे। सरकारी कामों को लेकर थोड़ी चिंता रह सकती है, लेकिन अंततः काम बन जाएंगे। बस ध्यान रखें, घर में माता-पिता के साथ बातचीत करते समय शब्दों का चुनाव सोच-समझकर करें, क्योंकि छोटी सी बात भी बड़ा रूप ले सकती है।

### वृषभ

आज आपकी कार्यकुशलता ही आपकी पहचान बनेगी। भाग्य पूरी तरह आपके पक्ष में है, इसलिए जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें सफलता मिलने के पूरे योग हैं। पुराने कर्ज को चुकाने की दिशा में आप कदम बढ़ा सकते हैं और प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई बड़ा फैसला भी आज हो सकता है। अगर भाई-बहनों से किसी बात को लेकर दूरी बनी हुई थी, तो उसे खत्म करने का यही सही समय है। रिश्ते संभालना भी एक कला है और आज आप उसमें सफल हो सकते हैं।

### मिथुन

आज का दिन आपको अपनी समझदारी और बुद्धि का सही इस्तेमाल करने का मौका देगा। आप ऐसे फैसले लेंगे, जो दूसरों को चौंका सकते हैं। सामाजिक या राजनीतिक क्षेत्र में आपकी छवि मजबूत होगी और लोगों का समर्थन बढ़ेगा। घर में छोटे बच्चे आपसे कुछ खास मांग सकते हैं, जिसे पूरा करके आप उनके चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं। छात्रों के लिए यह समय पूरी तरह फोकस का है।ध्यान भटका तो मौका निकल सकता है। संतान से जुड़ी कोई खुशखबरी दिल को सुकून देगी।

### कर्क

आज आपकी आय के रास्ते खुलते नजर आएंगे, लेकिन मन में हल्का तनाव भी बना रह सकता है। परिवार में किसी मुद्दे को सुलझाने की जिम्मेदारी आपके कंधों पर आ सकती है। याद रखें, हर बात में दखल देना जरूरी नहीं होता। कभी-कभी चुप रहना ही समझदारी होती है। बिजनेस को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि पार्टनरशिप में सहयोग मिलेगा। अगर आपने किसी को पैसे उधार दिए थे, तो उनके वापस आने के संकेत हैं।

### सिंह

आज का दिन आपको आगे बढ़ने का मौका देगा, लेकिन कुछ अचानक खर्च आपकी राह में रुकावट बन सकते हैं। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे मन को मजबूती मिलेगी। पिताजी की सेहत पर ध्यान देना जरूरी है। कोई पुरानी इच्छा आज पूरी हो सकती है, जिससे मन खुश हो जाएगा। छात्रों के लिए यह समय मेहनत का है।जितना फोकस करेंगे, उतनी जल्दी सफलता मिलेगी। घर में किसी मेहमान का आगमन माहौल को खुशनुमा बना सकता है।

### कन्या

आज आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर खास ध्यान देना होगा, क्योंकि आपकी एक छोटी सी बात भी बड़ा असर डाल सकती है। माता-पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा और वैवाहिक जीवन में चल रही परेशानियां धीरे-धीरे खत्म होंगी। मौसम का असर आपकी सेहत पर पड़ सकता है, इसलिए लापरवाही न करें। अगर कहीं घूमने का प्लान बना रहे थे, तो वह साकार हो सकता है। संतान से किया वादा निभाना आज आपके लिए जरूरी होगा।

### तुला

आज का दिन आपके लिए खुशखबरी लेकर आ सकता है। जो पैसा कहीं फंसा हुआ था, उसके वापस मिलने के योग हैं। बिजनेस में कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आप अपने बच्चों को खुश करने के लिए कुछ नया दिला सकते हैं या उनके साथ घूमने जा सकते हैं। सामाजिक कार्यों में भाग लेने से आपको सम्मान और पहचान मिलेगी। लेकिन याद रखें। दिल नहीं, आज दिमाग से फैसले लेना ही आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

### वृश्चिक

आज आपको अपनी बातों पर खास कंट्रोल रखना होगा, क्योंकि एक गलत शब्द रिश्तों में दरार डाल सकता है। किसी अजनबी की बातों में आकर निर्णय लेना नुकसान दे सकता है। अगर आप संतान की नौकरी को लेकर चिंतित थे, तो राहत मिलने के संकेत हैं। मां से किया हुआ कोई वादा आपको आज पूरा करना होगा। परिवार में तालमेल की कमी झगड़ों का कारण बन सकती है, इसलिए समझदारी से काम लें। सिंगल लोगों के जीवन में किसी खास व्यक्ति की एंट्री हो सकती है।

### धनु

आज का दिन आपको अचानक लाभ देने वाला है। ऐसा कुछ मिल सकता है जिसकी आपने उम्मीद भी नहीं की थी। लेकिन अपनी वाणी पर संयम रखना जरूरी है। घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है, जिससे खुशियों का माहौल बनेगा। जीवनशैली में सुधार आएगा और आप खुद को पहले से बेहतर महसूस करेंगे। ऑफिस में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसे आप आसानी से निभा लेंगे और प्रमोशन के रास्ते भी खुल सकते हैं।

### मकर

आज का दिन मेहनत का है, और आपकी मेहनत ही आपकी सफलता की कुंजी बनेगी। प्रेम जीवन में मधुरता रहेगी और आप अपने साथी के साथ खूबसूरत पल बिताएंगे। संतान की पढ़ाई को लेकर थोड़ी चिंता रह सकती है। मां से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। नया वाहन खरीदने का विचार भी आज साकार हो सकता है। किसी काम में आ रही रुकावट दोस्त की मदद से दूर हो जाएगी।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। जो पैसा लंबे समय से अटका हुआ था, उसके मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी रिश्तेदार के घर किसी शुभ कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें, क्योंकि चोट लगने की संभावना है। अगर आप नई नौकरी के लिए प्रयास कर रहे हैं, तो आज सफलता मिलने के अच्छे संकेत हैं।

### मीन

आज आपको अपने परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा, जो आपके मन को सुकून देगा। आपके दिमाग में नए-नए आइडिया आएंगे। अगर आप उन्हें तुरंत लागू करते हैं, तो फायदा मिल सकता है। सेहत को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है, इसलिए सावधानी रखें। कोई रुका हुआ काम आज पूरा हो सकता है। यात्रा के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है, जो भविष्य में आपके काम आएगी। दोस्तों के साथ खुशी के पल बिताने की योजना भी बन सकती है।

# पालघर में ड्रग्स पर बड़ी कार्रवाई

## MH Updates: पालघर में ड्रग्स पर बड़ी कार्रवाई, 44 लाख की ब्राउन शुगर बरामद; करंट लगने से 6 साल के बच्चे की मौत



महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 44 लाख रुपये से अधिक की ब्राउन शुगर बरामद की है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख के अनुसार, नशे की तस्करी की सूचना मिलने पर रविवार को सापहाला के पंडित पाड़ा इलाके में एक फ्लैट पर छापा मारा गया। कार्रवाई के दौरान 224.61 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 44.92 लाख रुपये बताई गई है। इसके अलावा नकदी और पैकिंग सामग्री समेत कुल जब्ती की कीमत 45.25 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने उत्तराखंड निवासी कुदहाबक्स मोहम्मद साहिद (38) और उत्तर प्रदेश की हीना जमील अहमद (35) को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को भी पकड़ा गया। आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर 8 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि नाबालिग को सुधार गृह भेजा गया है। महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक दर्दनाक हादसे में 6 साल के बच्चे की करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना सोमवार रात श्रीनगर इलाके में हुई। पुलिस के अनुसार, बच्चा रात करीब 10 बजे घर से बाहर निकला था, तभी वह गलती से खुले बिजली के तार के संपर्क में आ गया और उसे तेज झटका लगा। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया और सैकड़ों लोग स्थानीय पुलिस स्टेशन के बाहर जमा हो गए। लोगों ने महाराष्ट्र स्टेट

# 'डेमोक्रेजी' के बूते छठवीं बार फिल्म स्टार



आखिर विजय जीत कैसे गए, यह बोल-बोलकर चौंकने वालों को यह पता होना चाहिए कि दो साल पहले पार्टी बनाने के काफी पहले से वह सोशल वर्क कर रहे हैं। कई घरों के चूल्हों को ईंधन, बेटियों की पढ़ाई और बहनों की शादी का खर्च उठा रहे थे। यही वजह है कि फिल्मों के मसीहा के वोट बैंक में सबसे बड़ी हिस्सेदारी युवाओं और महिलाओं की रही।तमिलनाडु को छठवीं बार फिल्मी दुनिया से ताल्लुक रखने वाला सीएम मिलने जा रहा है। विजय की जीत डेमोक्रेजी यानी लोकतंत्र में दीवानगी की हदें पार कर देने की मिसाल है। फैन्स के वोट में बदल जाने का संयोग भी है और प्रयोग भी। पहला सवाल यह कि विजय की लार्जर दैन लाइफ जीत का अंदाजा राजनीति के धुरंधरों से लेकर तमाम चुनावी सर्वेक्षण क्यों नहीं लगा पाए? एक्सिस इंडिया को छोड़ दें, तो सभी ने डीएमके की जीत का अनुमान लगाया था। क्या हर वोट को फॉर्मूलों में गूंथने का दम भरने वाली कौम किसी अद्भुत-ऑफबीट जीत के लिए तैयार ही नहीं थी या फिर दो बड़ी पार्टियों की द्रविड़ राजनीति की आदत के सामने हम विजय के लिए जुटने वाली बेहिसाब भीड़ को फानी समझ रहे थे।टीवीके ने अपने पहले चुनाव में राज्य फतह कर ये समझाया है कि एक बड़ा फिल्म स्टार एक बड़ा राजनेता बन सकता है। जो विजय को राजनीति के अनुभवों में कच्चा समझ रहे थे, उनके लिए यह एक केस स्टडी है। उनकी जीत एमजीआर से बड़ी जीत है, क्योंकि उन्होंने सिर्फ चुनाव नहीं जीता, सिर्फ डीएमके और अन्नाद्रमुक को नहीं, बल्कि 35 और पार्टियों को एकसाथ हराया है

# मलयालम अभिनेता संतोष नायर का निधन



मलयालम सिनेमा के वरिष्ठ अभिनेता संतोष नायर का सड़क दुर्घटना के बाद निधन हो गया। केरल के पथानामथिट्टा जिले के एनाथु में उनकी कार एक लॉरी से टकरा गई थी। हादसे के तुरंत बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के समय उनकी पत्नी शुभाश्री भी कार में मौजूद थीं और वह घायल हो गईं। उनका अस्पताल में इलाज जारी है और हालत स्थिर बताई जा रही है। संतोष नायर ने चार दशकों में 100 से अधिक फिल्मों में काम कर मलयालम सिनेमा में खास पहचान बनाई थी। मलयालम फिल्म इंडस्ट्री से दुखद खबर सामने आई है। अभिनेता संतोष नायर का सड़क हादसे के बाद इलाज के दौरान निधन हो गया। पथानामथिट्टा के एनाथु में उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई थी, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ा और तमाम कोशिशों के बावजूद डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। हादसे में उनकी पत्नी शुभाश्री भी घायल हुई हैं और उनका उपचार जारी है। संतोष नायर के निधन से मलयालम सिनेमा में शोक की लहर है।

# Met Gala 2026

## गोल्डन साड़ी में रेड कारपेट पर उतरीं ईशा अंबानी, करण जौहर ने दिखाई राजा रवि वर्मा की विरासत



फैशन जगत के सबसे बड़े मंच Met Gala 2026 की भव्य शुरुआत हो चुकी है और रेड कार्पेट पर भारतीय सितारों ने खास छाप छोड़ी। ईशा अंबानी गोल्डन साड़ी और आकर्षक केप में नजर आईं। वोग इंडिया के मुताबिक यह साड़ी गौरव गुप्ता द्वारा डिजाइन की गई थी, जिसे स्वदेश के कारीगरों ने सोने के धागों से बुना। ईशा ने अपनी मां नीता अंबानी के कलेक्शन की ज्वैलरी पहनकर लुक को और खास बना दिया। वहीं करण जौहर ने इस साल मेट गाला में डेब्यू किया और मनीष मल्होत्रा के डिजाइन किए आउटफिट में नजर आए। उनके लुक में मशहूर चित्रकार राजा रवि वर्मा की कलात्मक विरासत की झलक दिखाई दी। मनीष मल्होत्रा ने भी भारतीय बंदगला और हस्तकला से सजे केप के जरिए मुंबई की झलक पेश की। इसके अलावा अनन्या बिरला ने भी इस साल मेट गाला में डेब्यू किया और अपने अनोखे मेटैलिक मास्क लुक से सबका ध्यान खींचा।

# Bhooth Bangla Box Office: तीसरे सोमवार को लड़खड़ाई 'भूत बंगला'



भूत बंगला ने रिलीज के बाद से बॉक्स ऑफिस पर ठीकठाक प्रदर्शन किया है, लेकिन तीसरे सोमवार को फिल्म की रफ्तार धीमी पड़ती दिखी। 18वें दिन खबर लिखे जाने तक फिल्म ने करीब 1.03 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। रविवार को जहां फिल्म ने 5.50 करोड़ और शनिवार को 4.35 करोड़ रुपये कमाए थे, वहीं सोमवार को गिरावट दर्ज की गई। अब तक घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कुल कमाई 143.53 करोड़ रुपये पहुंच चुकी है। प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी इस हॉरर-कॉमेडी ने पहले हफ्ते में 84.40 करोड़ और दूसरे हफ्ते में 43.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। करीब 120 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 18 दिनों में वर्ल्डवाइड 225.52 करोड़ रुपये की कमाई कर अपनी लागत निकाल ली है। फिल्म में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, तब्बू, राजपाल यादव और परेश रावल अहम भूमिकाओं में हैं। हालांकि, 1 मई को रिलीज हुई राजा शिवाजी ने सोमवार को 2.95 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर 'भूत बंगला' को पीछे छोड़ दिया। वहीं जुनैद खान की 'एक दिन' बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर सकी। अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में 'भूत बंगला' दोबारा रफ्तार पकड़ पाती है या नहीं।

# Met Gala 2026: सबरीना कारपेंटर के लिए पहुंचे करण जौहर, सोशल मीडिया पर बताई खास वजह



Karan Johar ने इस साल Met Gala 2026 में शानदार डेब्यू किया। फैशन की दुनिया के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित इवेंट में शामिल होकर करण ने न सिर्फ भारत का प्रतिनिधित्व किया, बल्कि अपने खास अंदाज से सभी का ध्यान भी खींचा। रेड कार्पेट पर उनका लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। इस मौके को लेकर करण काफी भावुक भी नजर आए और उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक लंबा पोस्ट शेयर कर अपने दिल की बात फैंस के साथ साझा की। करण जौहर ने अपने पोस्ट में बताया कि मेट गाला में शामिल होना उनके लिए सिर्फ एक ग्लैमरस इवेंट का हिस्सा बनना नहीं था, बल्कि यह एक ऐसा मंच है जहां फैशन, कला, सिनेमा और वैश्विक संस्कृति का संगम होता है। उन्होंने लिखा कि वह इस पल को लंबे समय से जीना चाहते थे। हालांकि, उन्होंने मजाकिया अंदाज में यह भी स्वीकार किया कि उनकी एक खास इच्छा पॉप स्टार Sabrina Carpenter से मिलना और उनके साथ एक सेल्फी लेना भी थी। करण ने कहा कि वह सबरीना के संगीत और उनकी स्टाइल के बड़े प्रशंसक हैं और उनसे मुलाकात उनके लिए खास यादगार पल होगा।

फिल्ममेकर ने आगे लिखा कि मेट गाला जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय सिनेमा और फैशन की मौजूदगी गर्व की बात है। उन्होंने अपनी टीम, डिजाइनर और स्टाइलिस्ट का धन्यवाद किया, जिनकी मेहनत से उनका लुक तैयार हुआ। करण ने यह भी कहा कि यह सफर उनके लिए आत्मविश्वास और रचनात्मकता का उत्सव है। सोशल मीडिया पर उनके इस पोस्ट के बाद फैंस और सेलेब्रिटीज ने उन्हें बधाइयां दीं और उनके लुक व ईमानदारी की जमकर तारीफ की।मेट गाला 2026 में दुनियाभर के बड़े सितारे शामिल हुए, लेकिन करण जौहर की मौजूदगी भारतीय दर्शकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रही। उनके इस डेब्यू ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बॉलीवुड सितारे अब ग्लोबल मंच पर मजबूती से अपनी पहचान बना रहे हैं।

# The Bonus Market Update:

## शेयर बाजार में गिरावट; सेंसेक्स 367 अंक फिसला, निफ्टी 24000 से फिसला



### बाजार और सेक्टोरल इंडेक्स का हाल

शुरुआती कारोबार में बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 361.62 अंक गिरकर 76,907.78 के स्तर पर आ गया। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) का निफ्टी 134.90 अंकों की गिरावट के साथ 23,980.60 पर पहुंच गया। सेक्टोरल स्तर पर बाजार की स्थिति कमजोर दिखी, जिसमें बैंकिंग, वित्तीय, रियल एस्टेट और धातु (मेटल) क्षेत्रों में भारी गिरावट दर्ज की गई तथा अधिकांश क्षेत्रीय सूचकांक लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसके विपरीत, आईटी और मीडिया जैसे सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्रों में अपेक्षाकृत मजबूती देखी गई, जबकि एफएमसीजी और फार्मा सेक्टर सुस्त रहे। कुल मिलाकर बाजार में खरीदारी की इच्छा सीमित थी और केवल कुछ चुनिंदा क्षेत्रों में ही मजबूती नजर आई। बीच बाजार का रुख सतर्कता भरा रहेगा। निकट भविष्य में, शेयर बाजार की दिशा मुख्य रूप से कंपनियों की चौथी तिमाही के नतीजों और प्रबंधन की टिप्पणियों पर निर्भर करेगी।

घरेलू शेयर बाजार में आज कमजोरी का रुख देखने को मिला है, जहां शुरुआती कारोबार में ही भारी मुनाफावसूली हावी रही और बाजार सतर्कतापूर्ण रुख का संकेत दे रहा है। इक्विटी बाजार में इस भारी गिरावट के साथ-साथ मुद्रा बाजार में भी निराशाजनक स्थिति बनी हुई है, जहां भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक निचले स्तर पर आ गया है।शेयर बाजार की गिरावट के बीच भारतीय रुपये ने भी चिंता बढ़ाई है। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 17 पैसे गिरकर 95.40 के अब तक के सबसे निचले (सर्वकालिक) स्तर पर पहुंच गया। वैश्विक और एशियाई बाजारों की स्थिति भी कमजोर बनी हुई है। टोक्यो के समयानुसार सुबह 10:45 बजे तक एसएंडपी 500 (S&P 500) फ्यूचर्स में मामूली बदलावगिरावट और भविष्य के दबाव के लिए निम्नलिखित मुख्य कारकों को जिम्मेदार ठहराया है:

# Gold-Silver Price

## सोना-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट
## सोना 1800 रुपये और चांदी 6500 रुपये टूटी



सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और मजबूत होते अमेरिकी डॉलर के कारण वैश्विक बाजारों में हलचल मची, जिसका असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये (1.15 प्रतिशत) गिरकर 1,54,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को सोना 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।चांदी की कीमतों में भी भारी गिरावट देखी गई। चांदी 6,500 रुपये (लगभग 3 प्रतिशत) टूटकर 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी एनालिस्ट सौमिल गांधी ने बताया कि बढ़ती ऊर्जा कीमतों ने महंगाई की चिंता बढ़ा दी है, जिससे ब्याज दरों के तक ऊंचे रहने की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। इसके कारण बॉन्ड यील्ड में भी बढ़ोतरी हुई है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव पड़ा है।इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व सहित प्रमुख केंद्रीय बैंकों के फैसलों से पहले व्यापारी अपनी स्थिति कम कर रहे हैं, जिससे कीमतों पर और दबाव पड़ा है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई। स्पॉट गोल्ड 95.37 डॉलर (2.04 प्रतिशत) गिरकर 4,586.50 डॉलर प्रति औंस और चांदी 2.33 डॉलर (3.09 प्रतिशत) गिरकर 73.18 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।निवेशक अब प्रमुख अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेंगे,जिसमें एडीपी साप्ताहिक रोजगार के आंकड़े और कॉन्फ्रेंस बोर्ड विश्वास के आंकड़े शामिल हैं।

# Biz Updates:

## कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, सोने-चांदी की कीमतें गिरी
## भारत का नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन बढ़ा




इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार, 999 प्यूरिटी वाले सोने का भाव सोमवार को 1,48,100 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा, जो पिछले गुरुवार (30 अप्रैल) के 1,50,263 रुपए से 2,163 रुपए की गिरावट को दर्शाता है। वहीं 999 प्यूरिटी वाली चांदी की कीमत सोमवार को 2,40,120 रुपए प्रति किलोग्राम रही, जो पिछले गुरुवार के 2,40,331 रुपए से 211 रुपए कम है। वैश्विक बाजारों में भी सोने-चांदी की कीमतों पर दबाव बना रहा। भारतीय समयानुसार शाम 7.47 बजे तक कॉमेक्स पर सोने की कीमत करीब 4,569 डॉलर प्रति औंस के आसपास थी, जिसमें लगभग 1.62 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह, कॉमेक्स चांदी के भाव में करीब 3 प्रतिशत की गिरावट आई और यह लगभग 74.28 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।अमेरिकी मौद्रिक नीति और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों को लेकर अनिश्चितता के बीच निवेशकों का रुख सतर्क बना रहा। बाजार होर्मुज जलडमरूमध्य से विदेशी जहाजों को सुरक्षित निकालने की अमेरिकी योजनाओं के साथ-साथ अमेरिका-ईरान शांति वार्ता में हो रही प्रगति के संकेतों पर भी बारीकी से नजर रख रहे हैं। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई पर दबाव बढ़ने की आशंका है, जिससे केंद्रीय बैंक ब्याज दरों को लंबे समय तक उच्च स्तर पर बनाए रखने के लिए बाध्य हो सकते हैं।इसके परिणामस्वरूप, आमतौर पर सोने पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, क्योंकि इससे कोई प्रतिफल नहीं मिलता। गौरतलब है कि अमेरिका-ईरान युद्ध की शुरुआत के बाद से सोने की कीमतों में करीब 12 प्रतिशत की गिरावट आई है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान है।

अमेरिका-ईरान युद्ध में जारी तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के चलते सोमवार के सत्र में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली, और उच्च मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना को लेकर बनी चिंताओं ने सुरक्षित निवेश विकल्पों के आकर्षण को कम कर दिया। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर जून डिलीवरी वाले सोने का वायदा भाव 1,239 रुपए यानी 0.82 प्रतिशत गिरकर 1,50,113 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं, जुलाई डिलीवरी वाली चांदी 4,863 रुपए यानी 1.94 प्रतिशत गिरकर 2,46,074 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई।यह बढ़ोतरी कॉरपोरेट और नॉन-कॉरपोरेट टैक्स सेगमेंट दोनों से आए बेहतर कलेक्शन के कारण संभव हुई है, जो अर्थव्यवस्था में स्थिर गतिविधियों और बेहतर टैक्स अनुपालन को दर्शाता है। कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी गई, जो बढ़कर 13,81,606 करोड़ रुपए हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 12,72,542 करोड़ रुपए था। नॉन-कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन, जिसमें व्यक्तिगत करदाता, हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ), फर्म और अन्य संस्थाएं शामिल हैं, 13,72,474 करोड़ रुपए रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 के 13,73,905 करोड़ रुपए के मुकाबले थोड़ा कम है।

# SEBI:

## कमोडिटी डेरिवेटिव्स में बैंकों-बीमा कंपनियों की एंट्री पर ब्रेक, सेबी प्रमुख तैयारियों पर क्या बोले?



सेबी चेयरमैन के मुताबिक आरबीआई और आईआरडीएआई फिलहाल बैंकों और बीमा कंपनियों को कमोडिटी डेरिवेटिव्स बाजार में शामिल करने के पक्ष में नहीं हैं। वहीं, सीकेवाईसी 2.0 पर काम जारी है और जुलाई तक इसका ढांचा तैयार होने की उम्मीद है।सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने सोमवार को कहा कि आरबीआई और भारतीय बीमा विनियामक व विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई)बैंकों और बीमा कंपनियों को कमोडिटी डेरिवेटिव्स बाजार में भागीदारी की अनुमति देने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोनों नियामकों के पास इस रुख के पीछे ठोस कारण हैं और फिलहाल इस सेगमेंट को लेकर वे सहज नहीं हैं।नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में आयोजित आईएमसी कैपिटल मार्केट्स कॉन्फ्रेंस के दौरान पांडे ने कहा कि खासतौर पर बीमा क्षेत्र लंबी अवधि के निवेश पर आधारित होता है, ऐसे में कमोडिटी डेरिवेटिव्स जैसे उतार-चढ़ाव वाले सेगमेंट के साथ इसका तालमेल एक बड़ी चिंता है। उन्होंने बताया कि सेबी की इस मुद्दे पर बैंकिंग और बीमा नियामकों के साथ हुई बातचीत में सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली।

## MI vs LSG: मुंबई इंडियंस का आईपीएल में सबसे बड़ा रन चेज
## आठ गेंद शेष रहते लखनऊ को हराया रोहित-रिकेल्टन चमके



मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन के बीच पहले विकेट के लिए हुई शानदार साझेदारी की मदद से लखनऊ सुपर जाएंट्स को हराया। रोहित चोट के बाद इस मैच से वापसी कर रहे थे और उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया। रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन की शानदार साझेदारी की मदद से मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपरजाएंट्स को छह विकेट से हरा दिया। लखनऊ ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 228 रन बनाए। जवाब में मुंबई के लिए रोहित और रिकेल्टन ने अर्धशतक लगाए जिससे टीम ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 229 रन बनाकर मैच जीता। ये आईपीएल में मुंबई इंडियंस का सबसे बड़ा रन चेज है। इससे पहले मुंबई ने इसी सीजन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 221 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। मुंबई को लगातार तीन हार के बाद जीत मिली है, लेकिन वह अंक तालिका में नौवें स्थान पर मौजूद है। मुंबई के 10 मैचों में तीन जीत और सात हार के साथ छह अंक हैं। वहीं, लखनऊ सुपर जाएंट्स नौ मैचों में दो जीत और सात हार के साथ चार अंक लेकर 10वें नंबर पर हैं। लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित और रिकेल्टन ने शानदार शुरुआत दिलाई। रोहित इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलने उतरे थे और इस मैच में वह लय में नजर आए। मुंबई के लिए रोहित ने 44 गेंदों पर छह चौकों और सात छक्कों की मदद से 84 रन बनाए और रिकेल्टन 32 गेंदों पर छह चौकों और आठ छक्कों की मदद से 83 रन बनाकर आउट हुए। रिकेल्टन और रोहित के बीच पहले विकेट के लिए 143 रनों की साझेदारी हुई। हालांकि, रोहित और रिकेल्टन के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। सूर्यकुमार यादव ने 12 और तिलक वर्मा ने 11 रन बनाए। वहीं, नमन धीर 23 रन बनाकर नाबाद रह

## DC Vs CSK: 'धोनी के बारे में जानकारी देना मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर' माही पर बोले सीएसके के गेंदबाजी कोच



आईपीएल 2026 का आधे से ज्यादा सीजन बीत चुका है, लेकिन महेंद्र सिंह धोनी अब तक एक भी मैच नहीं खेल सके हैं। मंगलवार को सीएसके का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होना है। धोनी का इस मैच में भी खेलना मुश्किल है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने सोमवार को कहा कि दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले आईपीएल मैच के लिए टीम के साथ नहीं आए हैं, लेकिन उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है। धोनी पिंडली की चोट के कारण इस सत्र में एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। इस सत्र का आधे से अधिक हिस्सा बीत चुका है और सीएसके अपना 10वां मैच खेलने जा रही है। सीएसके टीम का प्रदर्शन अब तक उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से हर सत्र में 44 वर्षीय इस महान भारतीय खिलाड़ी के भविष्य को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं। सिमंस मंगलवार को खेले जाने वाले मैच से एक दिन पहले मीडिया से बातचीत के लिए पहुंचे, तो पहला सवाल धोनी के बारे में ही पूछा गया धोनी पिछले कुछ दिनों से नेट सत्र में बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे हैं। सिमंस ने कहा, धोनी को लेकर अपडेट देना मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर है। वह इस समय हमारे साथ दिल्ली में नहीं हैं, लेकिन धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। वह कब खेलने के लिए तैयार होंगे, यह उन्हें खुद बेहतर पता है। गेंदबाजों के प्रदर्शन पर बात करते हुए सिमंस ने अंशुल कंबोज की जमकर सराहना की। कंबोज ने खेल के हर चरण में प्रभावित किया है और 17 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं। गेंदबाजी कोच ने कहा, उन्होंने राउंड द विकेट गेंदबाजी की बारीकियों को प्रभावी बनाया है। वह विकेट लेने के साथ-साथ रन गति पर भी नियंत्रण रखने में सफल रहा है। चेन्नई की टीम फिलहाल अंक तालिका में छठे स्थान पर है। प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए उसे अपने बाकी बचे मैचों में से कम से कम 4 जीत दर्ज करनी

## MI vs LSG: लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ क्यों नहीं खेल रहे हार्दिक? सूर्यकुमार ने बताया कारण रोहित की वापसी

मुंबई इंडियंस के नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ नहीं खेल रहे हैं। हार्दिक की जगह कप्तानी कर रहे सूर्यकुमार यादव ने बताया है कि किस कारण हार्दिक इस मैच का हिस्सा नहीं हैं। मुंबई इंडियंस के नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ नहीं खेल रहे हैं। हार्दिक की जगह इस मैच में सूर्यकुमार यादव कप्तानी कर रहे हैं। टॉस के दौरान सूर्यकुमार ने बताया कि हार्दिक की तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए वह इस मैच का हिस्सा नहीं हैं। पता चला है कि हार्दिक के पीठ में कुछ समस्या है जिस कारण वह इस मैच में नहीं खेल रहे हैं। हार्दिक इस सीजन इससे पहले एक और मैच में तबीयत खराब होने के कारण नहीं खेले थे। मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। मुंबई के लिए राहत की बात है कि रोहित शर्मा की इस मैच में वापसी हो गई हैजबकि ट्रेंट बोल्ट की जगह कॉर्बिन बॉश को प्लेइंग-11 में मौका मिला है।



लखनऊ टीम में जोश इंग्लिस डेब्यू कर रहे हैं। वहीं, लखनऊ में मुकुल चौधरी को आराम दिया गया है और अक्षर रघुवंशी डेब्यू कर रहे हैं। वानखेड़े स्टेडियम में टॉस जीतने के बाद मुंबई के कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा, हम पहले गेंदबाजी करना चाहेंगे। पिच अच्छी लग रही है, आज रात थोड़ी उमस भी है। हमने देखा है कि दूसरी पारी में पिच बेहतर हो जाती है। हार्दिक की तबीयत आज ठीक नहीं है, इसलिए मैं उनकी जगह (बतौर कप्तान) ले रहा हूं।

## DC vs CSK: चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच से पहले दिल्ली को मिली राहत मैच के लिए फिट हुए लुंगी एनगिडी

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मैच से पहले दिल्ली कैपिटल्स को बड़ी राहत मिली है। टीम के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी इस मैच में खेलने के लिए फिट हो गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल ने सोमवार को कहा कि लुंगी एनगिडी 25 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ घरेलू मैच में लगी सिर की चोट से उबरकर मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। कैच लेने की कोशिश में सिर के बल गिरने के बाद एनगिडी को एंबुलेंस से तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इस चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका का यह तेज गेंदबाज दो मैच नहीं खेल पाया था। मुनाफ ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले मैच से पहले कहा, 'सभी खिलाड़ी फिट हैं। लुंगी भी फिट हैं। उन्होंने दो मैच इसलिए नहीं खेले क्योंकि (सिर में चोट पर) छह दिन के आराम का नियम लागू होता है।' एनगिडी की वापसी से गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी। मिचेल स्टार्क भी टीम में शामिल हो गए हैं और उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के



अपने पहले ही मैच में शानदार प्रदर्शन किया। पंजाब किंग्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स 264 रनों का बचाव करने में नाकाम रही। पंजाब किंग्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए नया रिकॉर्ड कायम कर जीत दर्ज की थी। मुनाफ ने कहा कि स्टार्क की मौजूदगी से निश्चित रूप से फर्क पड़ेगा। मुनाफ ने कहा, पावरप्ले में विकेट लेने वाला गेंदबाज होने से पूरा परिदृश्य बदल जाता है। पावरप्ले में विकेट नहीं गिरने पर टीमें 220-230 रन तक बना लेती हैं। जब मुख्य गेंदबाज क्रीज पर होता है

## IPL 2026: POTM अवॉर्ड जीतने वाले होल्डर के लिए क्या बोले चेतेश्वर पुजारा? रघुवंशी की तारीफ में भी पढ़े कसीदे

पूर्व भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने जेसन होल्डर (गुजरात टाइटंस) और अंगकृष रघुवंशी (कोलकाता नाइट राइडर्स) की जमकर तारीफ की। आईपीएल के 19वें संस्करण का रोमांच प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। रविवार को खेले गए दो मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन से खूब वाहवाही लूटी। हैदराबाद में खेले गए मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया। वहीं, अहमदाबाद में खेले गए मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स पर चार विकेट से जीत दर्ज की। गुजरात की जीत में जेसन होल्डर का अहम योगदान रहा। उन्होंने चार विकेट लेकर पंजाब के मजबूत बल्लेबाजी क्रम की कमर तोड़ दी। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड से नवाजा गया। होल्डर के प्रदर्शन को पूर्व भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने सराहा। उन्होंने कहा कि होल्डर जैसे अनुभवी खिलाड़ी ने टीम का स्तर और बेहतर कर दिया है। पुजारा ने बताया कि जेसन होल्डर ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों में अहम योगदान दिया। उन्होंने कहा कि



होल्डर ने जरूरी समय पर विकेट लिए, जिसमें श्रेयस अय्यर का अहम विकेट भी शामिल था। उन्होंने जियोस्टार पर कहा, 'जिस तरह से जेसन होल्डर ने इस टीम पर अपना असर डाला है, चाहे वह बल्ले से हो या गेंद से, वह बहुत शानदार रहा है। उन्होंने कई अहम विकेट लेने में योगदान दिया, जिसमें श्रेयस अय्यर का महत्वपूर्ण विकेट भी शामिल है।' पुजारा ने आगे कहा कि होल्डर की खासियत यह है कि वह टीम में कई तरह की भूमिका निभा सकते हैं। उनकी मौजूदगी से टीम का संतुलन मजबूत हुआ है। उन्होंने बताया कि गुजरात टाइटंस को मध्यक्रम की बल्लेबाजी को लेकर थोड़ी चिंता थी, लेकिन होल्डर नंबर 5, 6 या 7 पर कहीं भी बल्लेबाजी कर सकते हैं, जिससे टीम को मजबूती मिलती है। इस मैच से पहले केकेआर को युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने भी जीत दिलाई थी। उन्होंने 47 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के की मदद से 59 रन बनाए। रघुवंशी की तारीफ में पुजारा ने कहा कि उन्होंने अपनी उम्र से ज्यादा समझदारी दिखाते हुए टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, 'कुल मिलाकर, यह एक बेहतरीन प्रदर्शन था। जहां दूसरे खिलाड़ियों ने भी योगदान दिया, वहीं लक्ष्य का पीछा करने में अंगकृष ने सबसे अहम भूमिका निभाई। 47 गेंदों पर उनके बनाए 59 रनों ने टीम को वह स्थिरता दी जिसकी उस समय सबसे ज्यादा जरूरत थी।' इस युवा खिलाड़ी के संयम और आत्मविश्वास की तारीफ करते हुए पुजारा ने कहा, 'उन्होंने जबरदस्त धैर्य और संयम दिखाया और एक 'एंकर' की भूमिका को पूरी तरह से निभाया। इस तरह के लगातार योगदान से लगता है '

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612
















